उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## बुधवार, 27 अग्रहायण, शक संवत्, 1924
**( दिनांक : 18 दिसम्बर, 2002 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाहन्**

1. अल्प सूचित प्रश्न ( देखिये नत्थी "क")।

2. प्रश्न (देखिये नत्थी "ख")।

3. अन्य प्रश्न ( देखिये नत्थी "ग")।

4. निधन के निदेश।

5. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

6. श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी, सदस्य, विधान सभा, "जनपद अल्मोड़ा के द्वाराहाट, विमाण्डेश्वर ईडा मोटर मार्ग के डामरीकरण के सम्बन्ध में" श्री देब सिंह अधिकारी एवं श्री पुष्पेश त्रिपाठी आदि निवासीगण, जनपद अल्मोड़ा द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी के रवांई क्षेत्र को पृथक जनपद बनाने के सम्बन्ध में" श्री भगवती प्रसाद भट्टी एवं अन्य निवासीगण जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी के राजकीय महाविद्यालय बड़कोट में विज्ञान संकाय खोलने विषयक" श्री शशि मोहन एवं अन्य निवासीगण जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड चिन्यालीसौड़ को तहसील बनाये जाने के सन्दर्भ में" श्री राकेश सेमवाल एवं अन्य निवासीगण जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

.....2/....

10. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद उत्तरकाशी के चामी सिगुणी-नौगांव, गोडर-सुल्याखोल मोटर मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में'' श्री कुशलानन्द एवं अन्य निवासीगण जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. श्री महेन्द्र भट्ट, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद चमोली के दूरस्थ क्षेत्र चन्द्रशिला पट्टी गोदली में राजकीय उच्चतम माध्यमिक विद्यालय के उच्चीकरण के सम्बन्ध में'' श्री देवेन्द्र सिंह राणा एवं अन्य निवासीगण जनपद चमोली द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

12. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

13. माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

14. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

15. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

16. श्री प्रकाश पंत, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 14 जून, 2002 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा जारी :-

    ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रतिवर्ष होने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा को धार्मिक यात्रा घोषित कर यात्रियों को यात्रा हेतु सभी आवश्यक सुविधायें उपलब्ध करायी जायें तथा सम्पूर्ण पैदल यात्रा मार्ग को तीर्थ यात्रा मार्ग के रूप में विकसित किया जाए।''

17. श्री मातबर सिंह कण्डारी, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 14 जून, 2002 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा जारी :-

    ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल राज्य में सामान्य जाति के नागरिकों को भी सरकारी सेवाओं में आर्थिक आधार पर आरक्षण किया जाय।''

18. श्री मदन कौशिक, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 14 जून, 2002 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा जारी :-

    ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि हरिद्वार में करोड़ों लोगों की श्रद्धा का केन्द्र ''हर की पैड़ी'', गंगा तट को पूर्णतया प्रदूषण से मुक्त रखा जाए।''

19. श्री अजय भट्ट, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 14 जून, 2002 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा जारी :-

    ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद अल्मोड़ा में छावनी परिषद, रानीखेत के नागरिक क्षेत्र (सिविल एरिया) को नगर पालिका बनाने हेतु केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजा जाए।''

....3/....

20. श्रीमती विजय बड़थ्वाल, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 14 जून, 2002 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि विधान सभा क्षेत्र, यमकेश्वर जनपद पौड़ी गढ़वाल की चार पट्टियों विचलाढांगू, मल्लाढांगू (द्वारीखाल) और तल्लाढांगू व मल्ला उदयपुर (यमकेश्वर) को मिलाकर अलग विकास खण्ड जाख़णीखाल बनाया जाए।"

21. निम्नलिखित संकल्पों का प्रस्तुतीकरण:-

| **प्रस्तावक का नाम** | **संकल्प** |
|---|---|
| 1. श्री काशी सिंह ऐरी | "इस सदन का यह सुनिश्चित मत है कि सरकार प्रदेश के प्रशिक्षित एवं शिक्षित बेरोजगारों हेतु रोजगार की सम्यक नीति बनाकर उसका समयबद्ध तरीके से कार्यान्वायन सुनिश्चित करें।" |
| 2. श्री मातबर सिंह कण्डारी | "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि राजकीय उच्चतर माध्यमिक एवं राजकीय इण्टर कालेजों की भांति अशासकीय हाईस्कूलों तथा इण्टर कालेजों में भी प्रधानाचार्य, प्रवक्ता तथा सहायक अध्यापक (एल0टी0ग्रेड) के रिक्त पदों पर सरकार तत्काल नियुक्ति की व्यवस्था करें।" |
| 3. श्री कौंल दास | "इस सदन का यह सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल के समस्त विकास खण्ड मुख्यालयों पर बालिका इण्टर कालेज प्राथमिकता के आधार पर खोले जाने हेतु आय-व्ययक में विशेष प्राविधान किया गया जाय।" |

22. नियम-103 के अन्तर्गत श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा दिनांक 14 जून, 2002 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल की कानून व्यवस्था की स्थिति को सुदृढ़ बनाने के लिए उत्तरांचल पुलिस को आधुनिक हथियारों से लैस किया जाय।"

....4/....

23. नियम-103 के अन्तर्गत श्री मातबर सिंह कण्डारी, सदस्य, विधान सभा द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण :-

"प्रदेश में लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों के निर्माण के दौरान कटान एवं दबान से हुयी कृषि भूमि की क्षति के मुआवजे का कृषकों को समयबद्ध तरीके से भुगतान के सम्बन्ध में सरकार गम्भीरता से विचार करें।"

24. नियम-103 के अन्तर्गत श्री बलबीर सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद टिहरी गढ़वाल में प्रति वर्ष होने वाली सहस्त्रताल, क्यार्खी बुग्याल, मासरताल, खतलिंग, जगदीशिला, रतकोट, विश्वनाथ, मणिकनाथ, बेलेश्वर, ज्वालामुखी चूलागढ़ राजराजेश्वरी एवं रानीगढ़ यात्रा को धार्मिक यात्रा घोषित कर यात्रियों यात्रा हेतु सभी आवश्यक सुविधायें तथा बूढ़ाकेदार, सहस्त्रताल तक सम्पूर्ण पैदल यात्रा मार्ग को तीर्थ यात्रा मार्ग के रूप में विकसित किया जाय।"

25. नियम-51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

26. जन-गण-मन। (देखिए नत्थी **"घ"**)

**आज्ञा से,**

**देहरादूनः**
**दिनांक : 18 दिसम्बर, 2002**

**( महेश चन्द्र )**
**सचिव।**

उत्तरांचल विधान सभा

तृतीय सत्र, 2002 का
प्रथम बुधवार

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## बुधवार, 27 अग्रहायण, शक संवत्, 1924

(दिनांक : 18 दिसम्बर, 2002)

## नत्थी ( क )

## अल्पसूचित प्रश्न

श्री विजयपाल सिंह सजवाण
05.12.2002

पशुपालन

**1. क्या पशुपालन मंत्री को ज्ञात है कि जनपद उत्तरकाशी में भेड़ पालकों द्वारा उत्पादन किये जा रहे ऊन का विक्रय सरकार द्वारा न किये जाने के क्या कारण हैं? क्या यह सत्य है कि पूर्व में उद्योग विभाग एवं खादी ग्रामोद्योग द्वारा ऊन विक्रय की व्यवस्था की जाती रही है? क्या यह भी सत्य है कि वर्तमान में भेड़ पालक भुखमरी के कगार पर हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार भेड़ पालकों की समस्याओं के निराकरण के लिए ऊन के विक्रय की व्यवस्था करने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

# नत्थी ( ख )

**उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम 38 (2) के अन्तर्गत प्राथमिकता प्राप्त**

**तारांकित स्थगित प्रश्न**

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>23-04-2002 | *1. क्या सिंचाई मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री केदारनाथ मंदिर के पीछे नदी के कटाव से हो रहे भूस्खलन को रोकने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उस योजना का स्वरूप क्या है? | सिंचाई |

# नत्थी ( ग )

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>29.07.2002 | *1. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर के मांडई, बडोलगांव, मल्या, सौड़ आदि गांव मालन नदी की बाढ़ से प्रभावित हैं? लगातार बाढ़ से भूमि कटाव के साथ-साथ प्रति वर्ष जान-माल का भी भारी नुकसान होता है? क्या सरकार इन गांवों को अन्यत्र बसाये जाने की कोई योजना बना रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | द्वितीय बुध के तारा0 9 में स्था0 |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>29.07.2002 | *2. क्या सिंचाई मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल में भागीरथी पुरम कोटी कालोनी सड़क मार्ग पर पिछले 5 सालों में जयप्रकाश व थापर कम्पनी व अन्य को कुल कितनी भूमि तथा कितने वर्षो का लीज़ पट्टा आंवटित किया गया ? क्या सरकार उक्त कम्पनियों को जारी किये गये पट्टों को निरस्त करने के लिए कोई कारगर कदम उठाने जा रही है ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री हरबंस कपूर<br>29.07.2002<br>श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>09.09.2002 | *3. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के प्रत्येक जनपद मे कितने-कितने वृद्धावस्था, विधवा, विकलांग आदि पेंशन से सम्बन्धित प्रकरण पंजीकृत हैं ? क्या सरकार सभी पंजीकृत एवं पात्र व्यक्तियों को उक्त सुविधा उपलब्ध करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>31.07.2002 | *4. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 6 मई 2002 तथा 24 एवं 25 मई, 2002 को जनपद चमोली के विकास खण्ड घाट एवं पोखरी में हुई ओलावृष्टि के कारण कुल कितने गावों में खड़ी फसल को नुकसान हुआ ? क्या सरकार द्वारा ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में कृषकों को राहत पहुँचायी गयी है ? यदि हाँ, तो क्या राहत पहुँचाई गई ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>01.08.2002 | *5. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंह नगर के किसानों द्वारा बड़ी मात्रा में बेमौसमी धान का उत्पादन किया जाता है, किन्तु सरकार द्वारा धान क्रय केन्द्र स्थापित न किये जाने से किसानों को करोडों रूपयों का नुकसान उठाना पड़ता है ? यदि हाँ, तो क्या मंत्री जी धान क्रय केन्द्र की स्थापना किये जाने पर विचार करेंगे ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | खाद्य |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री मातबर सिंह कण्डारी 29.07.2002 | 1. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लिफ्ट सिंचाई योजना मल्यासू भरदार रुद्रप्रयाग का निमार्ण कब किया गया था ? क्या इस योजना से सिंचाई हो रही है ? यदि नहीं, तो कब तक उक्त योजना से सिंचाई का पानी कृषकों को दे दिया जायेगा ? | सिंचाई |
| श्री मदन कौशिक 29.07.2002 | 2. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के अन्तर्गत उत्तरांचल राज्य में कुल कितने परिवारों को योजना का लाभ दिया गया है ? क्या आवेदन करने वाले सभी आवेदकों को योजना के अन्तर्गत लाभ प्राप्त हुआ है ? यदि नही, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| श्री प्रेमानन्द महाजन 29.07.2002 | 3. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उत्तरांचल राज्य में स्थायी रूप से रह रहे बंगाली समुदाय के नमः शुद्ध, पौड़, माँझी, धरामी, बढ़ई, कपाली, धोबी, गुण्डा, घोष, शील आदि जातियों को अनुसूचित जाति का दर्जा दिलाए जाने का कोई प्रकरण शासन के विचाराधीन हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 29.07.2002 | 4. क्या पुनर्वास व राजस्व मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के ग्राम खनेड़ा व गमटी को भूस्खलन से गम्भीर संकट पैदा हो गया है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गांवो को अन्यत्र बसाये जाने की योजना बनाये जाने पर विचार करेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | पुनर्वास |
| श्री प्रेमानन्द महाजन 29.07.2002 | 5. क्या पुनर्वास मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंह नगर में स्थित हरिपुरा जलाशय के सृजन हेतु जिन बुक्सो की भूमि अधिग्रहीत की गई थी उनको उचित मुआवजा तथा पुनर्वास की व्यवस्था की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पुनर्वास |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट 31.07.2002 | 6. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री को ज्ञात है कि जनपद चमोली के विकास खण्ड घाट में चुफल्यागाढ़ गधेरे के कारण प्रतिवर्ष कई नाली कृषि भूमि का कटाव हो रहा है ? क्या यह भी सत्य है कि भूमि कटाव के कारण आवासीय क्षेत्र विकासनगर घाट बाजार को खतरा बना हुआ है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों के कटाव को रोकने के लिए कोई कार्य योजना बनायेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| काजी निजामुद्दीन 31.07.2002 | 7. क्या राजस्व मंत्री को जानकारी है कि परगना मंगलौर, तहसील रुड़की जनपद हरिद्वार में लगभग 12 वर्षो से चकबन्दी का कार्य चल रहा है ? यदि हाँ, तो यह चकबन्दी का कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा ? | राजस्व |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट 07.08.2002 | 16. क्या सिचांई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकासखण्ड घाट के ग्राम पंचायत मटई के कैरी नामक तोक में भूमि कटाव की रोकथाम के लिए सुरक्षा दीवार व नाली निर्माण करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | तृतीय शुक्र के अता0 13 में स्था0 |
| श्री बिशन सिंह चुफाल 07.08.2002 | 17. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में रामगंगा नदी के कटाव से थल गर्जिला गांव भूस्खलन से प्रभावित है ? क्या सरकार जनहित में भूस्खलन की रोकथाम हेतु तटबन्ध बनाने पर विचार कर रही है ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री बिशन सिंह चुफाल 07.08.2002 | 18. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में गोर घटियाँगाढ में क्षतिग्रस्त झूलापूल का जीर्णोधार कब तक कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी 08.08.2002 | 19. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री को जानकारी है कि ग्राम खाडली किमाणा पट्टी फुटगढ़ जनपद रूद्रप्रयाग में वर्ष 1991 तथा 1999 में भूकम्प से प्रभावित तथा वर्तमान में भूस्खलन के प्रति संवेदनशील उक्त ग्राम में राहत एवं बचाव के क्या-क्या कार्य किए गए हैं ? यदि नही, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी 08.08.2002 | 20. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री को जानकारी है कि कि जनपद रूद्रप्रयाग के विकास खण्ड जखोली के अन्तर्गत ग्राम बजीरा पट्टी लस्या में भूस्खलन से खतरा हैं ? यदि हाँ, तो सरकार इसके रोकथाम के लिए क्या कदम उठाने जा रही है ? यदि नही, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री अनिल नौटियाल 08.08.2002 | 21. क्या राजस्व मंत्री अवगत है कि चमोली जनपद में चाँदपुर गढ़ी नाम से नये विकास खण्ड की माँग वर्षो से की जा रही है ? क्या शासन स्तर पर चाँदपुर गढ़ी विकास खण्ड बनाये जाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है ? यदि नही, तो क्यों ? | 17.12.2002 को अता0 104 द्वारा उत्तरित |
| श्री हरिदास 08.08.2002 | 22. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विकास खण्ड नारसन में अन्तोदय तथा बी.पी.एल कार्ड धारकों को माह मार्च, अप्रैल, मई, 2002 का गेहूँ, चावल, उपलब्ध हुआ ? यदि नही, तो क्या इस अवधि का निर्धारित गेहूँ-चावल पात्र परिवारों को दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 09.08.2002 | 23. क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तराकाशी में सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं को बाल पोषाहार, अन्नपूर्णा, अन्त्योदय, जनाधार एवं सुनिश्चित रोज़गार योजना के अन्तर्गत गल्ले का उठान ढुलान भाड़े का भुगतान किया जा रहा है ? यदि नही, तो क्यों ? | खाद्य |

| | | |
|---|---|---|
| कुँवर प्रणव सिंह "चैम्पियन" 16.08.2002 | 31. क्या सिंचाई मंत्री को जानकारी है कि बिजनौर गंगा बैराज जो जनपद मुजफ्फरनगर (उ0प्र0) में स्थित है, तथा लक्सर विधान सभा के खानपुर विकासखण्ड क्षेत्र (उत्तरांचल) से जिसकी सीमा मिलती है, का अनावश्यक रूप से पानी रोक दिये जाने से लगभग 12 ग्राम जलमग्न हो जाते हैं, जिससे खानपुर ब्लाक के अति-पिछड़े खादर क्षेत्र में जन-धन की बहुत हानि होती है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार द्वारा बिजनौर बैराज के बाण गंगा के पानी को न रोकने के सन्दर्भ में उत्तर प्रदेश शासन एवं जिला बिजनौर प्रशासन से कोई प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही की मांग की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 17.08.2002 | 32. क्या सिंचाई मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड चिन्यालीसौड़ शक्तिपुरम में अवस्थित फील्ड हास्टल में कुल कितना परिव्यय किन-किन मदों में किया गया ? क्या मुख्य वस्तुओं की खरीद के लिए तथा रखरखाव के लिए अखबार के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या दोषी अधिकारियों को सरकार जांच के उपरान्त दण्डित करेगी ? | सिंचाई |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट 17.08.2002 | 33. क्या पुनर्वास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली में आये विनाशकारी भूकम्प से प्रभावित नन्दप्रयाग विधान सभा के अन्तर्गत कुल कितने गाँवों को पुनर्वास हेतु चुना गया ? उक्त गाँवों के पुनर्वास हेतु सरकार क्या योजना बना रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पुनर्वास |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट 17.08.2002 | 34. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली में 1999 में आये विनाशकारी भूकम्प के दौरान नन्दप्रयाग विधान सभा क्षेत्र के कुल कितने भवनों को गृह अनुदान राशि की भिन्न-भिन्न श्रेणियों में रखा गया था ? क्या समस्त चयनित भवन स्वामियों को गृह अनुदान वितरण हो गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट 17.08.2002 | 35. क्या पुनर्वास मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकासखण्ड घाट में भूस्खलन क्षेत्र के कौन-कौन गांव पुनर्वास हेतु प्रस्तावित हैं ? पुनर्वासन की योजना कब तक पूर्ण हो जाएगी ? | पुनर्वास |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट 19.08.2002 | 36. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकासखण्ड पोखरी में रणवत चादनीखाल पाईप लाईन सिंचाई योजना के निर्माण में कितनी लागत आयी तथा वर्तमान में इससे कितना भूभाग सिंचित हो रहा है ? | सिंचाई |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट 20.08.2002 | 37. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हाईड्रम रिपेयरिंग का कार्य कितनी समयावधि में किया जाता है तथा रिपेयरिंग पर कुल कितनी लागत आती है ? क्या सह सत्य है कि उक्त रिपेयरिंग का कार्य ठेकेदारों से कराया जाता है ? क्या यह भी सत्य है कि सिंचाई विभाग के कर्मचारी यह कार्य करने में सक्षम हैं ? यदि हाँ, तो क्या विभाग रिपेयरिंग के कार्य की जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों को सौंपने पर विचार करेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>28.08.2002 | 45. क्या राजस्व मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उत्तरांचल में कितनी पटवारी चौकियाँ बन चुकी है ? क्या यह भी सत्य है कि अधिकांश पटवारी चौकियों पर कोई पटवारी नही रहता है ? यदि हाँ, तो क्या पटवारी चौकियों पर सरकार पटवारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>28.08.2002 | 46. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि चालू वर्ष में उत्तरकाशी जनपद के किन-किन विकास खण्डों के किन-किन गांवों को अति सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया तथा शासन द्वारा इन गांवों में क्या-क्या सहायता प्रदान की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री हरिदास<br>29.08.2002 | 47. क्या सिंचाई मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में पूर्व सरकार द्वारा रामगंगा कमाण्ड योजना के अन्तर्गत नहरों, राजवाहों, माइनरों की नालियों को पक्का कराये जाने से संबंधित अधूरे कार्यो को पूर्ण कराये जाने का काई प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री हरिदास<br>29.08.2002 | 48. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में अन्य राज्यों से अध्ययनरत अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं को गत दो वर्षो में छात्रवृत्ति निर्गत नहीं की गयी ? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनपद हरिद्वार के विद्यालयों में अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दिलायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| डा. अनसूया प्रसाद मैखुरी<br>03.09.2002 | 49. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली में भूस्खलन की दृष्टि से अति संवेदनशील गांवों क्रमशः धिंघराण, खेनुरी, लुदाऊ (मज्यू लगा वेमर) स्यूंण, देवग्राम, बड़ागांव, धोड़साल में भूस्खलन की रोकथाम हेतु धन की व्यवस्था किये जाने का कोई प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>04.09.2002 | 50. क्या राजस्व मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विकास खण्ड डोईवाला अन्तर्गत ग्राम खदरी खड़कमाफ में ग्राम समाज की 13 एकड़ भूमि पर भू-माफियों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है ? यदि हाँ, तो सरकार उक्त भूमि को भू-माफियों के अवैध कब्जे से मुक्त करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>04.09.2002 | 51. क्या समाज कल्याण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के नौगांव विकास खण्ड में कार्यरत गैर सरकारी संगठन हिमालयन एक्शन रिसर्च सेन्टर (हार्क) को अप्रैल, 2001 से अब तक कुल कितनी धनराशि विभिन्न स्रोतों से प्राप्त हुई तथा प्राप्त धनराशि का क्या उपयोग किया गया ? | समाज कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>20.09.2002 | 61. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी-गढ़वाल के बूढ़ाकेदार क्षेत्र में 10 अगस्त, 2002 को दैवीय आपदा से सार्वजनिक एवं निजी सम्पत्ति की कुल कितनी क्षति हुई है? क्या सरकार द्वारा प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री उपलब्ध करा दी गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>24.09.2002 | 62. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में तहसीलदारों की उपजिलाधिकारी पद पर पदोन्नति का कितने प्रतिशत कोटा निर्धारित किया गया है? क्या सरकार तहसीलदारों की पदोन्नति किये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | 16.12.2002 को अता0 74 द्वारा उत्तरित |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>08.10.2002 | 63. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों को शिक्षा विभाग में कार्यरत अध्यापकों के समान वेतन मिल रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री प्रकाश पंत<br>09.10.2002 | 64. क्या लघु सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कुमायूँ मण्डल में लघु सिंचाई विभाग का एक ही डिवीज़न वर्तमान में कार्यरत है? यदि हाँ, तो क्या जनपद पिथौरागढ़ में एक अतिरिक्त डिवीज़न खोले जाने का प्रस्ताव शासन में प्रस्तावित है? यदि हाँ, तो कब तक अतिरिक्त डिवीज़न खोला जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लघु सिंचाई |
| श्री कैलाश शर्मा<br>16.10.2002 | 65. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सिंचाई विभाग में कार्यरत मुंशी व हेड मुंशी पदधारकों की वेतन विसंगति व पदनाम परिवर्तन पर मुख्य अभियंता एवं विभागाध्यक्ष सिंचाई विभाग, उत्तरांचल ने अपने पत्र संख्या-739/मु0अ0/सि.0वि0उ0/ई-21, दिनांक 12-11-2002 द्वारा जो संस्तुति शासन को प्रेषित की है, क्या उस पर शासनादेश जारी कर दिया गया है? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो इस प्रकरण पर सरकार कब तक शासनादेश जारी करेगी? | सिंचाई |
| श्री कैलाश शर्मा<br>16.10.2002 | 66. क्या समाज कल्याण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा में वर्ष 1979-80 से संचालित राजकीय बालिका निकेतन एवं राजकीय शिशु सदन में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का दैनिक वेतन भुगतान उत्तरांचल बनने के बाद नहीं किया गया है? यदि हाँ, तो कब तक यह भुगतान करा दिया जायेगा? | समाज कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>01.08.2002 | 67. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के स्यांसू नामक स्थान पर निर्माणाधीन 39 मी0 स्पैन के हल्का वाहन पुल के दोनों ओर के स्तम्भों की मिट्टी पत्थर इत्यादि की भू-गर्भीय जांच की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री तसलीम अहमद<br>22.10.2002 | 68. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि ग्राम कमला नगर, पुरूषोत्तम नगर- तहसील हरिद्वार जनपद हरिद्वार के टोंगिया किसान व मज़दूर, ग्राम पुरूषोत्तम नगर, कमलानगर को राजस्व ग्राम घोषित करने तथा टिहरी के पुनर्वास परिवारों की तरह पथरी वन क्षेत्र से प्रत्येक टोंगिया किसान मज़दूर परिवार को कृषि कार्य के लिए भूमि देने की मांग के लिए एक वर्ष से लगातार आंदोलन कर रहे हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार टोंगिया किसानों व मज़दूरों की मांग को स्वीकार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? | राजस्व |

उत्तरांचल विधान सभा

# नत्थी (घ)

## राष्ट्र-गान

जन-गण-मन-अधिनायक जय हे।

भारत-भाग्य-विधाता।।

पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा

द्राविड़-उत्कल-बंग।

विन्ध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा,

उच्छल-जलधि-तरंग।।

तव शुभ नामे जागे,

तव शुभ आशिष मांगे।।

गाहे तव जय गाथा।।

जन-गण-मंगलदायक जय हे,

भारत-भाग्य-विधाता।।

जय हे, जय हे, जय हे,

जय जय जय, जय हे।।